# हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

**(अष्टम् सत्र)**

**मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न**

## वीरवार, 12 मार्च, 2015/21 फाल्गुन,1936 (शक्)

----

**[मुख्य मंत्री - खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री - उद्योग मंत्री - आबकारी एवं कराधान मंत्री तथा ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री ].**

**कुल प्रश्न - 16**

----

### नए विकास खण्डों की स्थापना

*1501 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू) :**
**श्री राम कुमार (दून) :**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान में प्रदेश में कितने विकास खण्ड हैं और प्रत्येक विकास खण्ड में कितनी-कितनी पंचायतें हैं; क्षेत्रफल और जनसंख्या का पूर्ण ब्यौरा खण्डवार दें; और

(ख) निकट भविष्य में क्या सरकार समान विकास की दृष्टि से नए विकास खण्डों का सृजन/पुनर्गठन करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब; यदि नहीं, तो कारण ?

----

### Laxmi Narayan Temple

*1502 **Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) whether the Laxmi Narayan Temple Complex in Chamba Town has been taken over by the Government under H.P. Temple Act;

(b) whether there is a trust to manage the temple complex;

(c) how much property is in the name of Laxmi Narayan Temple (status in

1950 and now be given); and

(d) whether the Government has inventory of properties and immovable and movable assets of this temple ?

----

## सी0 एन0 जी0 बसों का प्रावधान

*1503 **श्री गुलाब सिंह ठाकुर (जोगिन्द्रनगर) :**
**श्री रविन्द्र सिंह (देहरा) :**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) सरकार क्या प्रदेश में CNG बसें चलाने का विचार रखती है; और

(ख) यदि हां, तो कब तक तथा किन-किन रूटों पर चलाने का प्रस्ताव है?

----

## मटियाल पुल का निर्माण

*1504 **श्री बम्बर ठाकुर (बिलासपुर)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) जिला बिलासपुर के लोक निर्माण मण्डल घुमारवीं के अन्तर्गत मटियाल पुल का शिलान्यास कब किया गया; और

(ख) वर्तमान में इस कार्य के लिये कितनी धनराशि उपलब्ध है तथा इसकी अद्यतन स्थिति क्या है ?

----

## बस सेवा पुनः बहाल करना

*1505 **श्री विनोद कुमार (नाचन) :**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि HRTC की निम्न बसें बन्द कर दी गई हैंः-

(i) बन्जार से हरिद्वार वाया चैल-चौक;

(ii) सुन्दरनगर से बृखमणी वाया नाईटला;

(iii) कुल्लू से धंग्यारा;

(ख) यदि हां, तो कारण; और

(ग) सरकार कब तक इन बसों को पुनः चलाने का विचार रखती है ?

----

## नई आई०टी०आई० की स्थापना

*1506 **श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहडू):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) दिनांक 1 जनवरी, 2013 से 15 फरवरी, 2015 तक प्रदेश में कितनी नई I.T.I. खोली गईं; ब्यौरा दें; और

(ख) सरकार क्या रोहडू व डोडरा-क्वार में नई I.T.I. खोलने का विचार रखती है ?

----

## सड़क मरम्मत

*1507 **श्री मनोहर धीमान (इन्दौरा):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार द्वारा भरवांई-चिन्तपूर्णी-खटियाड़-डमटाल सड़क की दयनीय स्थिति को देखते हुए कब तक इनकी मरम्मत करने का विचार रखती है?

----

## सामान का क्रय

*1508 **श्री महेन्द्र सिंह (धर्मपुर):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) दिनांक 1 जनवरी, 2013 से 15 फरवरी, 2015 तक कितना-कितना सामान बिजली विभाग/बोर्ड ने किन-किन कम्पनियों या ठेकेदारों/सप्लायरों से किन-किन दरों में खरीदा; कुल कितनी धनराशि खर्च की गई; ब्यौरा वर्षवार दें; और

(ख) यह सत्य है कि जो सामान ट्रांसमिशन लाइनों के लिए खरीदा गया वह Sub-standard पाया गया; यदि हां, तो ब्यौरा मद-वार दें ?

----

## स्ट्रीट लाइटें

*1509 **श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि Jawahar Lal Nehru National Solar Mission (JNNSM) के अन्तर्गत प्रदेश को Solar Photo Voltic (SPV) Street Lights उपलब्ध करवाई गई हैं; और

(ख) यदि हां, तो कितनी; जिलावार ब्यौरा दें ?

----

## खम्भों को नुकसान

*1510 **श्री जय राम ठाकुर (सिराज़):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि हाल ही में भारी बर्फबारी के कारण सिराज़ विधान सभा चुनाव क्षेत्र में बिजली के खम्भों तथा तारों को भारी नुकसान हुआ है; और

(ख) यदि हां, तो सरकार ने इसकी भरपाई हेतु क्या कार्रवाई की है; ब्यौरा दें?

----

## मिट्टी तेल का कोटा

*1511 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि वर्तमान में हिमाचल प्रदेश में मिट्टी के तेल का प्रति व्यक्ति अथवा प्रति राशनकार्ड़ कितना कोटा निर्धारित है और कितना दिया जा रहा है; ब्यौरा दें?

----

## Vacant Posts of Surveyor

*1512 **Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) presently how many posts of Surveyor are there in HPPWD (B&R) and out of these how many are lying vacant (data be given division-wise); and

(b) what steps the Government is taking to fill-up these posts ?

----

## लाइनमैन की रिक्तियां

*1513 **श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान में नाचन विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत विद्युत विभाग में लाइनमैन के कितने पद रिक्त हैं; और

(ख) सरकार इन पदों को कब तक भरने का विचार रखती है ?

----

## सड़क को पक्का करना

***1514 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) दिनांक 01.01.2015 से 15.02.2015 तक रोहड़ू व चिड़गांव विकास खण्ड में सड़कों का कितना कि0मी0 भाग पक्का करने (Tarring/Metalling) का लक्ष्य है; ब्यौरा दें; और

(ख) सरकार क्या रोहड़ू बाजार व आस-पास के क्षेत्र की सड़कों को भी पक्का करने (Tarring/Metalling) का विचार रखती है ?

----

## डागला में आयुर्वेदिक औषधालय की स्थापना

***1515 श्री मनोहर धीमान (इन्दौरा):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र इन्दौरा के अंतर्गत ग्राम पंचायत डागला (Dagla) में आयुर्वेदिक डिस्पैंसरी कब तक खोलने का विचार रखती है ?

----

## हवाई पट्टी का विस्तारीकरण

***1516 श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि सरकार ने भून्तर एयरपोर्ट के विस्तारीकरण और रात को उड़ानें उतरने (Night Landing) के लिए कोई योजना बनाई है;

(ख) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में IIT Roorki या अन्य किसी विशेषज्ञ संस्था के साथ सरकार और Airport Authority of India का कोई इकरारनामा हुआ है; और

(ग) यदि हां, तो उनके द्वारा तैयार योजना की प्रति सभा पटल पर रखें ?

----

**शिमला : 171004.** | **सुन्दर सिंह वर्मा,**
**दिनांकः 24 फरवरी, 2015.** | **सचिव।**